प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

लेखा कार्मिकों का 10–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पंतनगर। 23 जून 2023। विश्वविद्यालय में कार्यरत लेखा कार्मिकों का 10–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। 12–22 जून, 2023 तक आयोजित इस समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मियों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं और उन्हें कार्य करने में अधिक दक्षता प्राप्त होती है। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप व नियंत्रक डा. पंकज कुमार शुक्ल भी मौजूद रहे।

कृषि महाविद्यालय के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यवाहक कुलपति व कुलसचिव डा. दीपा विनय ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में लेखा कार्मिकों का कार्य बड़ा संवेदनशील होता है। इसके लिए भौतिक, मानसिक व आध्यमिकता के साथ पूरी दक्षता बनाये रखने की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम से लेखा कार्मिकों में नई ऊर्जा का संचार होगा। नियंत्रक डा. पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम अनवरत प्रक्रिया है, जिससे लेखा कार्मिकों को नियमों व परिनियमों की जानकारी होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी लेखा कार्मिकों को प्रत्येक पटल के कार्य की जानकारी होना भी आवश्यक है। जिससे उसे हर प्रकार के लेखा कार्यों को करने में दक्षता हासिल हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि लेखा कार्मिकों के लिए इस प्रकार के छोटे–छोटे प्रशिक्षण कार्यक्रम होने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने लेखा कार्मिकों से प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में उनके अनुभव भी साझा किए। अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप ने कहा कि सभी कार्मिकों प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के इतिहास व इसकी स्थापना की जानकारी भी प्रदान की। मुख्य प्रशिक्षक आर.के. पाण्डे ने सभी लेखा कार्मिकों को प्रशिक्षण के ज्ञान को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी लेखा कर्मियों को प्रत्येक पटल का ज्ञान होना आवश्यक है। इससे पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डा. जे. सी. बडोला ने 10–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूप–रेखा प्रस्तुत की। डा. बडोला ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 20 प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षणार्थियों को लेखा के नियमों व परिनियमों की के अलावा अन्य जानकारियां भी उपलब्ध करायी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में त्रिलोकी शंकर मिश्रा, अभिषेक भारद्वाज, उमेश कालरा, शाहिस्ता परवीन ने अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही उन्होंने आगे भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की मंशा जाहिर की। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षण आर.के. पाण्डेय को कुलसचिव व नियंत्रक द्वारा शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान दीपक कुमार, विनोद, अनिल, संजय व सूरज का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन योगेश पंत ने किया।

सभी को संबोधित करते नियंत्रक डा. पंकज कुमार शुक्ल।

लेखाकर्मियों के साथ अधिकारिगण।